# रणजीत टाइम्स

इंदौर

गुरुवार, 5 मार्च, 2026

वर्ष 02 | अंक 60 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# ईरान के साथ युद्ध में ट्रंप ने खुद को दिए 10 में से 15 नंबर, कहा- हमारी स्थिति मजबूत

नई दिल्ली। ईरान पर जारी हमलों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एक बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने बुधवार को कहा, ईरान के खिलाफ अमेरिकी अभियान उम्मीदों से कहीं बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। ट्रंप ने अमेरिकी अभियान द्वारा किए जा रहे हमलों को लेकर 10 पैमाने पर लगभग 15 रेटिंग दी है। इतना ही नहीं ट्रंप ने इजरायल के साथ मिलकर अभियानों को आगे बढ़ाना का संकल्प लिया है। ऐसे में लग रहा है कि यह युद्ध अभी खत्म होने वाला नहीं है।



### तेजी से कमजोर हो रहा ईरान का नेतृत्व

साथ ही ट्रंप ने दावा किया कि ईरान का नेतृत्व तेजी से कमजोर हो रहा है। साथ ही कहा, “हम अभी बहुत मजबूत स्थिति में हैं, और उनका नेतृत्व तेजी से कमजोर हो रहा है। जो भी नेता बनना चाहता है, उसकी मौत हो जाती है।”

ट्रंप ने आगे कहा कि तेहरान के बैलिस्टिक मिसाइल भंडार को भी तेजी से नष्ट किया जा रहा है। ट्रंप ने दोहराया कि यह हमला ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के उद्देश्य से किया गया था। पागल लोगों के पास परमाणु हथियार होते हैं, तो उन्होंने कहा, “जब पागल लोगों के पास परमाणु हथियार होते हैं, तो बुरी चीजें होती हैं,” उन्होंने ओबामा के कार्यकाल के पिछले परमाणु समझौते को “अब तक का सबसे खराब समझौता” और “परमाणु हथियार की ओर ले जाने वाला मार्ग” बताया।

### बहुत अच्छा प्रदर्शन

ईरान पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हम युद्ध मोर्चे पर बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं... हम आगे भी अच्छा प्रदर्शन करते रहेंगे। हमारे पास दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना है। यह कई वर्षों तक हमारे लिए एक बड़ा खतरा रहा है - 47 वर्षों तक उन्होंने हमारे लोगों को मारा। आगे कहा कि अगर हमने अब तक के सबसे बुरे समझौते को खत्म नहीं किया होता मैं इसे ओबामा परमाणु समझौता कहता हूं, जिसमें उन्होंने ईरान को परमाणु हथियार सहित सब कुछ दे दिया था, तो यह परमाणु हथियार की ओर ले जाने वाला रास्ता था। मिसाइलों को तेजी से नष्ट किया जा रहा है, और उनके लॉन्चरों को भी नष्ट किया जा रहा है... जब पागल लोगों के पास परमाणु हथियार होते हैं, तो बुरी चीजें होती हैं। हम अभी बहुत अच्छी स्थिति में हैं, और हम आगे बढ़ते रहेंगे।”

# बिहार की राजनीति में बड़ा भूचाल, मुख्यमंत्री पद छोड़ राज्यसभा जाएंगे नीतीश कुमार; जदयू कार्यकर्ताओं की चेतावनी से बढ़ा सियासी तापमान

पटना। बिहार की राजनीति में एक बड़ा और ऐतिहासिक मोड़ सामने आता दिखाई दे रहा है। करीब दो दशकों से अधिक समय तक राज्य की सत्ता की कमान संभालने वाले मुख्यमंत्री Nitish Kumar अब सक्रिय राजनीति के नए अध्याय की ओर बढ़ते नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने पर लगभग आधिकारिक मुहर लग चुकी है और इसके साथ ही बिहार की राजनीति में बड़े बदलाव की पटकथा भी तैयार होती दिखाई दे रही है। लंबे समय से राज्य की राजनीति के केंद्र में रहे नीतीश कुमार का यह फैसला बिहार की सत्ता, प्रशासन और सियासी समीकरणों पर गहरा प्रभाव डाल सकता है।

सूत्रों के अनुसार जनता दल यूनाइटेड यानी Janata Dal (United) के शीर्ष नेतृत्व ने नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजने की रणनीति को अंतिम रूप दे दिया है। पार्टी के इस निर्णय के बाद राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि नीतीश कुमार ने बुधवार सुबह आठ बजे मुख्यमंत्री आवास पर जदयू विधायकों की एक अहम बैठक बुलाई है, जिसमें आगामी राजनीतिक रणनीति और नए नेतृत्व को लेकर विस्तृत चर्चा होने की संभावना है। इस बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इसी के बाद बिहार की सत्ता में संभावित बदलाव की तस्वीर और स्पष्ट हो सकती है। करीब 21 वर्षों से बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे नीतीश कुमार ने राज्य के विकास, प्रशासनिक



सुधार और सुशासन की राजनीति को एक नई पहचान दी। सड़क, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में उनके कार्यकाल को कई महत्वपूर्ण फैसलों के लिए याद किया जाता है। लेकिन अब उनके राज्यसभा जाने की खबर से यह संकेत मिल रहा है कि वे राष्ट्रीय राजनीति में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम केवल व्यक्तिगत राजनीतिक बदलाव नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर की रणनीति का हिस्सा भी हो सकता है।

इधर, जदयू के कई कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इस संभावित बदलाव को लेकर खुलकर प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से हटाया गया या उनकी राजनीतिक भूमिका को कमजोर किया गया तो पार्टी के भीतर असंतोष बढ़ सकता है। कई जिलों से आ रही प्रतिक्रियाओं में कार्यकर्ताओं ने कहा है कि नीतीश कुमार ही जदयू की सबसे बड़ी पहचान हैं और उनके नेतृत्व में ही पार्टी मजबूत बनी हुई है। ऐसे में किसी भी तरह का निर्णय लेते समय कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखना जरूरी होगा।

बिहार की राजनीति में एक और दिलचस्प पहलू सामने आ रहा है। चर्चा है कि नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार की भी राजनीति में औपचारिक एंट्री हो सकती है। लंबे समय से सार्वजनिक जीवन से दूर रहने वाले निशांत को लेकर अब सियासी गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि यदि वे सक्रिय राजनीति में आते हैं तो जदयू की भविष्य की रणनीति में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। हालांकि इस विषय पर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन पार्टी के भीतर इसे लेकर चर्चा लगातार बढ़ती जा रही है।

नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की खबर से बिहार की सत्ता में संभावित नए चेहरे को लेकर भी अटकलें तेज हो गई हैं। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि यदि यह बदलाव होता है तो यह केवल नेतृत्व परिवर्तन नहीं बल्कि पूरे सियासी समीकरण को प्रभावित करने वाला फैसला होगा। आने वाले दिनों में होने वाली बैठकों और राजनीतिक गतिविधियों से यह साफ होगा कि बिहार की राजनीति किस दिशा में आगे बढ़ेगी।

फिलहाल पूरा राजनीतिक परिदृश्य मुख्यमंत्री आवास पर होने वाली जदयू विधायकों की बैठक पर टिका हुआ है। इस बैठक के बाद बिहार की सत्ता, नेतृत्व और भविष्य की राजनीति की दिशा तय होने की संभावना है। राज्य के राजनीतिक गलियारों में इस घटनाक्रम को बिहार की राजनीति का एक बड़ा मोड़ माना जा रहा है, जिस पर पूरे देश की नजर बनी हुई है।

# राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की लिस्ट जारी, अभिषेक मनु सिंघवी और फूलो देवी समेत इन नेताओं को मिला टिकट



नई दिल्ली। कांग्रेस ने राज्यसभा की द्विवार्षिक चुनावों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। लिस्ट में कई बड़े और अनुभवी नाम शामिल हैं। पार्टी ने तेलंगाना से कांग्रेस ने दो नामों की घोषणा की है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और सुप्रीम कोर्ट के जाने-माने वकील अभिषेक मनु सिंघवी को फिर से नामित किया गया है।

सिंघवी पहले भी राज्य सभा सदस्य रह चुके हैं। दूसरे उम्मीदवार वेम नरेंद्र रेड्डी हैं। वह मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के करीबी सलाहकार हैं। उनकी निकटता और राज्य में पार्टी की मजबूती को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। दोनों उम्मीदवार 16 मार्च को होने वाले चुनाव में तेलंगाना की दो सीटों के लिए लड़ेंगे। पार्टी को उम्मीद है कि इन दोनों को आसानी से जीत मिलेगी।

छत्तीसगढ़, हरियाणा और हिमाचल से कौन?- छत्तीसगढ़ से फूलो देवी नेताम को उम्मीदवार बनाया गया है। वे पार्टी की अनुभवी नेता हैं और राज्य में आदिवासी समुदाय के बीच उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। उनकी उम्मीदवारी से पार्टी आदिवासी वोट बैंक को मजबूत करने की कोशिश कर रही है। हरियाणा से करमवीर सिंह बौद्ध को टिकट दिया गया है। वे दलित समुदाय से आते हैं और राज्य में पार्टी की संगठनात्मक मजबूती के लिए काम कर रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश से अनुराग शर्मा को चुना गया है। वे पार्टी के युवा चेहरों में से एक हैं और राज्य की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वहीं तमिलनाडु से एम. क्रिस्टोफर तिलक को उम्मीदवार बनाया गया है। वे राज्य में पार्टी के लिए महत्वपूर्ण कार्यकर्ता हैं और दक्षिण भारत में कांग्रेस की उपस्थिति को मजबूत करने में उनकी भूमिका अहम रहेगी। ये चुनाव 16 मार्च को होने हैं और इनमें कई राज्यों की कुल 37 सीटें दांव पर हैं।

# सी.एम.ओ नगरपालिका ने स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत न्यू बस स्टैंड बलपुरवा चौक का किया औचक निरीक्षण

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल। स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत नगर पालिका परिषद शहडोल द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा भंडारी द्वारा न्यू बस स्टैंड बलपुरवा चौक क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड परिसर के मुख्य द्वार पर अव्यवस्थित रूप से खड़े ठेलों को तत्काल हटवाया गया, जिससे आमजन के आवागमन में आ रही बाधा को दूर किया जा सके। परिसर में गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए 2000 की चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूल किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध आगे भी नियमित एवं कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड परिसर में निर्मित सामुदायिक शौचालय की स्थिति असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधित केयरटेकर को कारण बताओ नोटिस जारी



करने के निर्देश दिए गए तथा दो दिवस के भीतर साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त संपूर्ण बस स्टैंड परिसर की नियमित सफाई सुनिश्चित करने, विशेष सफाई अभियान चलाकर धुलाई कराने एवं खुली नालियों को कवर से ढकने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बस स्टैंड परिसर स्थित पार्क की जर्जर दीवारों की शीघ्र मरम्मत हेतु उपयंत्री श्री एस.एस. तोमर को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के नोडल प्रभारी श्री पुनीत त्रिपाठी को शहर की समग्र सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए, ताकि नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने का लक्ष्य समयबद्ध रूप से प्राप्त किया जा सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि नगर की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दिशा में किसी भी

प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता नोडल प्रभारी श्री पुनीत त्रिपाठी, कार्यालय अधीक्षक श्री मोतीलाल सिंह, स्वच्छता निरीक्षक श्री अनिल महोबिया, नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे।

# लोक सेवा गारण्टी के तहत जरूरी सेवाएं आवेदको को समय-सीमा में देना सुनिश्चित करें



**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समय-सीमा की बैठक में लोक सेवा गारण्टी अधिनियम के तहत सिटीजन चार्टर में निर्धारित समय-सीमा के भीतर चिन्हित सेवाओं के आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने समाधान एक दिवस के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का भी शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा लोक सेवा गारण्टी अधिनियम के अंतर्गत प्रदाय की जाने वाली सेवाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने पर विशेष जोर दिया।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समाधान ऑनलाइन अंतर्गत चिन्हित सेवाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन विभागों से संबंधित प्रकरण लंबित हैं, उनका प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में न्यायालय में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, सुश्री अर्चना मिश्रा, श्री गैलेक्सी नागपुरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रंग पंचमी के अवसर पर सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु विशेष अभियान

**आदित्य शर्मा**

## मुख्य चौराहों, बाजार क्षेत्रों एवं संवेदनशील मार्गों पर वाहनों की सघन चेकिंग

इंदौर रँगपंचमी, आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.के. सिंह एवं पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात )श्री राजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा लगातार सुगम यातायात के लिए प्रयास किये जा रहे है। मुख्य चौराहों, बाजार क्षेत्रों एवं संवेदनशील मार्गो पर वाहनों की सघन चेकिंग के साथ-साथ पेट्रोलिंग पार्टियों द्वारा लगातार भ्रमण कर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस उपायुक्त, यातायात श्री राजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा स्वयं प्रमुख चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों का निरीक्षण कर यातायात ड्यूटी में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं। उनके द्वारा विशेष रूप से यह निर्देशित किया गया है कि त्योहार के दौरान आमजन को किसी प्रकार की



असुविधा न हो, इसके लिए सतर्कता, संयम एवं त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी निरंतर क्षेत्र भ्रमण कर यातायात व्यवस्था की मॉनिटरिंग एवं ड्यूटी पॉइंट्स पर ब्रीफिंग दी जा रही है। प्रमुख बाजारों एवं चौराहों पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध व्हील लॉक लगाकर सख्त कार्रवाई।लापरवाही पूर्वक, नशे में वाहन चलाने वालों पर विशेष निगरानी और कार्यवाही। त्योहार के दौरान बाजार क्षेत्रों में खरीदारी हेतु आने वाले नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग सुनिश्चित कराने हेतु भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। यातायात पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़ा करें।दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें।नशे की हालत में वाहन न चलाएं। रंग खेलते समय सड़कों पर हुड़दंग, स्टंटबाजी एवं खतरनाक ड्राइविंग से बचें। आइए, इस होली एवं रंग पंचमी पर "रंगों के साथ जिम्मेदारी" का भी संदेश दें और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहभागी बनें।

# होली/रंगपंचमी पर हानिकारक केमिकल युक्त रंगों की रोकथाम हेतु पुलिस की विशेष चेकिंग व जागरूकता के साथ प्रभावी कार्यवाही

आदित्य शर्मा

**पुलिस ने भारी मात्रा में जप्त किए, औद्योगिक उपयोग में लाने वाले हानिकारक व केमिकल युक्त रंग।**

इंदौर। रंगपंचमी के पावन पर्व पर आमजन की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस टीमें स्थानीय बाजारों में सघन चेकिंग कर रही हैं और व्यापारियों व आम जनता को रसायनिक रंगों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के साथ ही मानव जीवन को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक प्रतिबंधित रंगों को जप्त भी किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में नगरीय पुलिस के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीमों द्वारा शहर के प्रमुख बाजारों में रंगों




और गुलाल की दुकानों पर सरप्राइज चेकिंग की।

इस दौरान थाना बाणगंगा द्वारा क्षेत्र में मानव जीवन के लिए खतरा उत्पन्न करने वाले हानिकारक रंगों को जप्त किया गया। रंगो की दुकानों को चेक करते कई प्रकार का रंग पाया गया जो औद्योगिक उपयोग का था जिस पर स्किन पर डायरेक्ट लगाना माना लिखा था किंतु बाज़ार में बिक रहा था । सुरक्षा को ध्यान रखते सभी को जप्त किया गया इसके अतिरिक्त मोहल्ला मीटिंग में मिलने वाली शिकायतो जहाँ रामराज से महिलाओं पर उड़ाया जाता है जो बच्चो की आँखो में जलन होना बताया । चूँकि ये औद्योगिक रूप से प्रयोग किया जाता है, इसे रंग के रूप में उपयोग करना प्रतिबंधित है। सभी दुकानों को चेक किया एवं 87 बोरी कुल 2.175 क्विंटल रामरज जप्त जप्त किया।

इसी प्रकार पुलिस थाना सेंट्रल कोतवाली नॉर्थ तोड़ा की एक दुकान व गोदाम से करीब 100 बोरी रामरज जप्त जप्त किया इसी प्रकार नगरीय इंदौर के विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा विभिन्न दुकानों पर जाकर रंगों की गुणवत्ता के बारे में पूछताछ की और जांच के दौरान खतरनाक केमिकल, मानव जीवन को नुकसान पहुंचाने वाले कलर वी केमिकल को जप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही ऐसे रंगों की बिक्री करते पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की सख्त हिदायत दी गई है। और समझाइश दी जा रही है कि वे केवल हर्बल और प्राकृतिक रंगों की ही बिक्री करें, खतरनाक केमिकल रंगों के विक्रय से बचें।

## आमजन से अपील

पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि होली पर ऐसी रंगो का उपयोग न करें, जो मानव जीवन के लिए खतरा उत्पन्न करते हो और जिनसे किसी को कुछ नुकसान हो। सड़क पर चलते लोगों पर जबरन रंग न डालने और न ही हुड़दंग कर लोगों को परेशान करें, अन्यथा उचित कार्रवाई की जावेगी।

# थाना छत्रिपुरा पुलिस के द्वारा प्रतिबंधित केमिकल युक्त रंग को किया जप्त

खुशबू श्रीवास्तव

चलाए जा रहे अभियान में थाना छत्रिपुरा पुलिस ने एक युवक से प्रतिबंधित केमिकल युक्त रंग को जप्त कर बेचने वाले के खिलाफ किया प्रकरण पंजीवाद पुलिस आयुक्त महोदय श्री संतोष सिंह नगरीय इंदौर के द्वारा केमिकल युक्त रंग बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही के आदेश के पालन में एवं पुलिस आयुक्त झोन क्रमांक 4 के श्री आनंद कलादगी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री विशेष अग्रवाल व सहायक पुलिस आयुक्त सर्राफा विजय तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छतरीपुरा संजीव श्रीवास्तव द्वारा टीम का गठन कर केमिकल युक्त रंग बेचने वालों पर कार्रवाई हेतु थाना क्षेत्र में रवाना किया गया था दिनांक 03/03/2026 को उक्त टीम द्वारा जैन बुक्स एंड स्टेनर्स की दुकान से केमिकल युक्त रंग की 108 पूछ जिस पर ओन्ली फॉर इंडस्ट्रियल उसे अंग्रेजी में लिखे हुए को जब तक कर उक्त रंग बेचने वाले के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है प्रतिबंधित रंग जिसकी कीमत 2160 रुपए रंग के 108 पाउच जप्त किए आरोपी मधुर जैन उम्र 28 साल निवासी 30/1 बियाबानी मेन रोड इंदौर उक्त सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव,उप निरीक्षक हजारीलाल मेहरा, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र पाठक,आर अरुण सिंह चौहान, आर भूपेंद्र सिंह, की इस कार्यवाही में मुख्य भूमिका।

# किसानों के हित सर्वोपरि, विभिन्न मांगों पर तथ्यात्मक स्थिति स्पष्टर:इंदौर दुग्ध संघ

खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर। इंदौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इंदौर के संज्ञान में यह बात आई है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा दुग्ध संघ प्रबंधन के विरुद्ध 5 मार्च को घेराव का आह्वान किया गया है तथा किसानों से संबंधित विभिन्न मांगें प्रस्तुत की गई हैं। इस संबंध में संघ प्रबंधन द्वारा तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि दुग्ध उत्पादक किसानों के हितों की रक्षा संघ की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा जिन मुद्दों को लेकर आंदोलन की बात कही जा रही है, उनमें से अधिकांश पर कार्यवाही पूर्व से ही प्रचलन में है अथवा प्रक्रिया अंतिम चरण में है। संघ प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि 25-26 सीएलआर पर कटौती बंद करने की मांग के संबंध में वर्तमान में पूर्व से संचालित पद्धति के अनुसार ही भुगतान किया जा रहा है तथा किसी प्रकार की अतिरिक्त कटौती नहीं की जा रही है।



दूध के क्रय मूल्य को 9 रुपये प्रति फैट करने की मांग के संदर्भ में बताया गया कि दिनांक 01 मार्च 2026 से दूध का क्रय मूल्य बढ़ाकर 850 प्रति किलोग्राम फैट कर दिया गया है। आगामी दुग्ध सीजन में बाजार की स्थिति, मांग एवं प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए परिस्थितियों के अनुरूप 900 प्रति किलोग्राम फैट तक वृद्धि किए जाने पर विचार किया जाएगा। वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के लाभांश तथा दुग्ध समितियों के बोनस वितरण के संबंध में संघ ने जानकारी दी कि लाभ विभाजन की संपूर्ण तैयारी कर ली गई है तथा शीघ्र ही भुगतान की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी।

पशुआहार की गुणवत्ता एवं दरों के संबंध में प्रबंधन ने बताया कि पशुआहार की गुणवत्ता सुधार हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान बाजार परिस्थितियों में पशुआहार निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे माल की दरों में वृद्धि होने के कारण विक्रय दरों में वृद्धि करना आवश्यक हुआ है। 5 प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि के संबंध में संघ ने स्पष्ट किया कि इंदौर दुग्ध संघ द्वारा दूध के क्रय मूल्य में पूर्व में ही 5 प्रति लीटर से अधिक की वृद्धि की जा चुकी है। राज्य शासन द्वारा औपचारिक आदेश जारी होते ही प्रोत्साहन राशि तत्काल प्रभाव से लागू कर दी जाएगी। इसके अतिरिक्त संघ द्वारा स्पष्ट किया गया है कि 15 किलो घी के डिब्बों की आपूर्ति दुग्ध समितियों एवं बाजार में नियमित रूप से की जा रही है तथा भविष्य में भी आपूर्ति निरंतर जारी रहेगी। संघ प्रबंधन ने यह भी बताया कि आउटसोर्स अधिकारी एवं कर्मचारियों को नियमानुसार उचित मानदेय एवं समय पर वेतन का भुगतान किया जा रहा है, तथा इस संबंध में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं है।

इस संबंध में इंदौर सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बलबीर शर्मा ने कहा कि "इंदौर दुग्ध संघ सदैव दुग्ध उत्पादक किसानों के हितों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध रहा है। वर्तमान में जिन विषयों को लेकर आंदोलन की बात कही जा रही है, उनमें से अधिकांश पर आवश्यक निर्णय लिए जा चुके हैं अथवा प्रक्रिया पूर्ण होने की स्थिति में है। किसानों से अपील है कि वे किसी भी प्रकार के भ्रम या बहकावे में न आएं। संघ प्रबंधन संवाद के लिए सदैव तैयार है तथा सभी वैधानिक मांगों का निराकरण नियमों के अनुसार किया जाएगा। सहकारिता की भावना से ही सभी का विकास संभव है।" इंदौर दुग्ध संघ ने सभी दुग्ध उत्पादक किसानों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु सीधे दुग्ध संघ कार्यालय या संबंधित दुग्ध समिति से संपर्क करें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें।

# श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में गुड़ी पड़वा पर उमड़ेगा आस्था का सैलाब: 1008 भक्त करेंगे सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

दिलीप पाटीदार

**राजगढ़ (धार)। स्थानीय मोहनखेड़ा मार्ग स्थित प्रसिद्ध श्री खेड़ापति हनुमान जी मंदिर परिसर में आगामी गुड़ी पड़वा के पावन पर्व को लेकर तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है।**

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आयोजित होने वाले भव्य धार्मिक महोत्सव के संबंध में रविवार को मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय कर कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर मंदिर में विशाल संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण 1008 श्रद्धालुओं द्वारा किया जाने वाला सामूहिक हनुमान



चालीसा पाठ होगा, जो क्षेत्र में भक्ति और शक्ति का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा। आयोजन के सफल समापन पर विशाल भंडारे (महाप्रसाद) का भी आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

बैठक के दौरान उपस्थित धर्मप्रेमियों और भक्तों ने इस दिव्य आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। आयोजन समिति ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना और युवा पीढ़ी को धर्म एवं संस्कृति से जोड़ना है।

बैठक में व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए अलग-अलग टोलियां गठित की गई हैं, जो स्वच्छता, बैठक व्यवस्था और प्रसाद वितरण का कार्य संभालेंगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने इस महोत्सव को लेकर उत्साह व्यक्त किया और अधिक से अधिक भक्तों से सपरिवार सम्मिलित होने की अपील की।

## होली चैतन्य के रंग में सराबोर होने का पर्व

विभिन्न रंगों की ऊर्जा आध्यात्मिक चेतना के विभिन्न स्तरों को प्रभावित करती है होली रंगों का, स्नेह का, दोस्ती का त्योहार है। पुराने सारे बैर मिटाकर वातावरण में आपसी सद्भावना का संचार करना ही होली मनाने का उद्देश्य है। सहजयोग प्रणेता और हमारी परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी होली पर जो प्रवचन दिया था, उसके आधार पर, " कुंडलिनी के माध्यम से साधक विराट द्वारा निर्मित अपने शरीर में स्नेह का संचार करते हैं जिससे हमारा शरीर चैतन्य की अनुभूति पाता है। रंग सभी चक्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। हर चक्र का अलग रंग है। चैतन्य के माध्यम से हमारे अंदर स्थित चक्रों का रंग पूरे वायु में स्नेह रुप में प्रवाहित होने लगता है, हम इस प्रवाह के माध्यम बन जाते हैं। जब हम किसी को रंग लगाते हैं तब हमारे साथ उस रंग से जुड़ा उसका चक्र भी आशीर्वादित होता है। जब हम किसी को लाल रंग लगाते हैं तब अनजाने में ही हमारी यह भावना होती है कि वह लाल रंग से पूर्णतया रंग जाये। लाल रंग मूलाधार का चक्र है और अबोधिता का द्योतक है। होली का आध्यात्मिक तथ्य श्री माताजी के प्रवचन के सारांश से स्पष्ट होता है। रंगों की सुगंध और मिठाई की खुशबू इस त्योहार को रंगीन और मीठा बनाती है। योग ज्ञान के आधार पर अबोधिता गुण वाले मूलाधार चक्र (जड़ चक्र)का रंग लाल, सृजनात्मकता वाले चक्र स्वाधिष्ठान का पीला, संतुष्टि प्रदान करने वाले नाभी का रंग हरा, निर्भयता व आत्मविश्वास देने वाले हृदय चक्र का रंग माणिक लाल, साक्षी भाव प्रदान करने वाले विशुद्धि का रंग नीला, क्षमाशीलता के गुण वाले आज्ञा चक्र का रंग सफेद और सदाशिव के आसन सहस्त्रार का रंग इंद्रधनुषी है। अपने प्रियजनों और मित्रों को रंग लगाते समय सहज योगी साधक की सार्थकता सभी को मिले, यही हमारी परमपूज्य श्री माताजी से प्रार्थना है। होली की कथा यह है कि होलिका की मृत्यु के सुख, संतुष्टि और शांति से आल्हादित लोगों ने एक दूसरे पर होलिका दहन की राख मलकर होली मनाई थी। कथा यह भी है कि कामदेव ने शिव पर अपने पुष्प बाण से प्रहार किया, जिससे



शिव की समाधि भंग हो गयी. क्रुद्ध होकर, शिव ने अपना तीसरा नेत्र खोलकर कामदेव को भस्म कर दिया. बाद में, देवताओं ने शिव को पार्वती से विवाह के लिए राजी किया. इस घटना को याद करते हुए, फाल्गुन पूर्णिमा को होली के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, ब्रज में सबसे पहले होली श्रीकृष्ण और राधा ने खेली थी. कहा जाता है कि श्रीकृष्ण ने ही अपने ग्वालों के साथ होली खेलने की शुरुआत की थी। होली की शुरुआत पर चाहे कितनी भी कहानी हो, उद्देश्य बेहद सुखद है क्योंकि जीवन में रंगों का महत्व बहुत गहरा होता है, रंग ऊर्जा, भावनाओं और आध्यात्मिक चेतना को प्रभावित करते हैं। विभिन्न रंग विभिन्न ऊर्जाओं और गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो योग अभ्यास और साधना के लिए तो उपयोगी है ही, बडी सार्थकता के साथ हमारे त्योहारों से भी जुड़े हैं। सहज योग को गहनता से समझने, जुड़ने और आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं ।

## होली के रंगों के बीच खून की होली पूरानी रंजिश के कारण चले चाकू बहा खून




प्रदीप सिंह बघेल

शहडोल में रंगों की होली के बीच अचानक ही खून की होली सुरु होने से सनसनी मच गई। बुढार में होली का त्योहार उस वक्त खौफ में बदल गया, जब रंगों के बीच अचानक चाकू चल गए। पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में एक युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर करना पड़ा। परिजनों ने पुलिस पर पहले से सूचना देने के बावजूद कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है।

### चाकू से हमला मचा हड़कंप

मौजूद लोगों के अनुसार अन्नू दास बैरागी ने रोहित लोधी, विक्की लोधी, अट्टू लोधी और छोटू लोधी पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में रोहित लोधी के गले और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया साथ ही आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद रोहित के भाई रवि लोधी ने बुढार पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

### पीड़ित परिवार का पुलिस पर आरोप

परिवारजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया उनका कहना है कि एक दिन पहले ही आरोपी उसे धमकी दे रहा था, जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। परिजनों का आरोप है कि अगर समय रहते पुलिस कार्रवाई करती तो यह खूनी वारदात टल सकती थी। इधर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फरार आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है। लेकिन लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर बदमाशों के अंदर से पुलिस का डर क्यों खत्म हो रहा है।

### एसडीओपी बने अनजान

बढ़ती आपराधिक घटनाएं और खुलेआम चाकूबाजी ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं इस मामले में धनपुरी एसडीओपी विकास पाण्डेय से जब इस घटना के संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने इस घटना से खुद को अंजान बताते हुए घटनाक्रम से किनारा काट लिया।

# तेज रफ्तार का कहर ट्रक की ठोकर से स्कूटी सवार को मिली मौत

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल। होली के रंग एक परिवार में उस वक्त फीके पड़ गए, जब शहडोल जिले के बुढार नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने स्कूटी सवार SECL कर्मचारी को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई और देखते ही देखते रंगों का त्योहार बेरंग होकर मातम में बदल गया।

## मौके पर ही मौत

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनूपपुर जिले के संजयनगर निवासी SECL कर्मचारी राजेंद्र प्रसाद दुबे अपने निर्माणाधीन मकान का जायजा लेने स्कूटी से शहडोल जा रहे थे। जैसे ही वे बुढार स्थित नेशनल हाईवे पर टाटा मोटर्स के पास पहुंचे थे, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी



स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

## चालक की लापरवाही ने ली जान

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था। हादसे के बाद ट्रेलर मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने वाहन को जब्त कर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं।

## परिवार की खुशियां छीनी

इस दर्दनाक हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन ली। होली के त्यौहार में हुए इस हादसे ने सड़क सुरक्षा और लापरवाह ड्राइविंग पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि टाटा मोटर्स की ओर जा रहे ट्रेलर से स्कूटी सवार की टक्कर हुई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# इंदौर एयरपोर्ट के पीछे सूखी घास में लगी आग, निगम-फायर ब्रिगेड की मुस्तैदी से पाया काबू

**राजेश धाकड़**

इंदौर। शहर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की बाउंड्रीवॉल के पीछे स्थित खुले मैदान और जंगल क्षेत्र में सूखी घास



में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना जोन 16, वार्ड 14 के अंतर्गत बताई जा रही है। आग की सूचना मिलते ही नगर निगम, फायर ब्रिगेड, पुलिस और सीआईएसएफ की टीमें तत्काल मौके पर पहुंच गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाम 6 बजे के समय एयरपोर्ट परिसर की पिछली ओर सूखी घास में धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने आसपास के हिस्से को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। एयरपोर्ट जैसे संवेदनशील क्षेत्र के पास आग लगने की सूचना मिलते ही प्रशासन में सतर्कता बढ़ा दी गई। सूचना मिलते ही नगर निगम की टीम सक्रिय हो गई। जोन 01 से सहायक सीएसआई भारत करोसिया, जोन 16 से सहायक सीएसआई निक्की फथरोड और जोन 20 से सकील मंसूरी मौके पर पहुंचे। उनके साथ सहायक दारोगा अनूप पचवाल, सचिन सिरसिया और रिज़वान खान सहित अन्य कर्मचारी भी राहत कार्य में जुट गए। आसपास के जोनों से जेसीबी मशीनें और पानी के टैंकर तत्काल बुलवाए गए। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। नगर निगम फायर ब्रिगेड से सौरभ व्यास टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। पुलिस और सीआईएसएफ ने सुरक्षा की दृष्टि से पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। करीब कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि सूखी घास अधिक होने के कारण आग फैलने की आशंका बनी हुई थी, लेकिन समय रहते किए गए प्रयासों से बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने लापरवाहीवश जलती वस्तु फेंकी हो या फिर अत्यधिक गर्मी और सूखी घास के कारण आग भड़की हो। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खुले क्षेत्रों में जलती वस्तुएं न फेंकें और आगजनी जैसी घटनाओं की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें।

# रंगों की रौनक और आपसी सौहार्द का उत्सव बनी धुलेंडी



धुलेंडी का पर्व इस वर्ष पूरे उत्साह, उमंग और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया। होलिका दहन की पावन अग्नि के बाद जैसे ही धुलेंडी की सुबह हुई, शहर और गांव रंगों की चादर ओढ़े नजर आए। गली-मोहल्लों में बच्चों की खिलखिलाहट, युवाओं की मस्ती और बुजुर्गों की मुस्कान ने इस पर्व को यादगार बना दिया। हर ओर "होली है" की गूंज सुनाई देती रही और गुलाल, अबीर व रंगों ने वातावरण को उल्लास से भर दिया।

**सुबह से ही लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर रंग लगाते और शुभकामनाएं देते दिख रहे हैं..**

पुराने गिले-शिकवे भुलाकर गले मिलने की परंपरा ने धुलेंडी को सामाजिक समरसता का प्रतीक बना दिया। घरों में पारंपरिक पकवानों की खुशबू फैल गई। गुजिया, मालपुए, दही भल्ले और ठंडाई ने मेहमाननवाजी की मिठास बढ़ा दी। महिलाएं पारंपरिक गीत गाती नजर आईं, वहीं युवाओं की टोलियां ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचती-गाती रहीं।

शहर के प्रमुख चौराहों और कॉलोनियों में रंगारंग माहौल देखने को मिला। बच्चों ने पिचकारियों से रंगों की बौछार की, तो युवाओं ने गुलाल उड़ाकर उत्सव को और जीवंत बना दिया। कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों द्वारा सामूहिक होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ रंग खेलकर एकता का संदेश दिया। प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

धुलेंडी ने यह भी संदेश दिया कि रंग केवल चेहरे पर नहीं, बल्कि मन पर भी लगने चाहिए। आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के रंग समाज को जोड़ने का काम करते हैं। इस पर्व पर लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में सकारात्मकता, मेल-मिलाप और मानवता के रंगों को हमेशा बनाए रखेंगे।

कुल मिलाकर धुलेंडी का पर्व शहर में हर्षोल्लास और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक बनकर उभरा। रंगों के इस त्योहार ने न केवल लोगों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी, बल्कि समाज को एक सूत्र में बांधने का काम भी किया। धुलेंडी की यह रंगीन यादें लंबे समय तक लोगों के दिलों में बसी रहेंगी।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की खौफनाक धमकी

# ईरान पर सबसे बड़ा हमला अभी बाकी

» अमेरिकी नागरिकों को तुरंत मिडिल ईस्ट छोड़ने के निर्देश

» ईरान ने रोका स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का रास्ता, आग लगाने की धमकी

» अमेरिका ने सऊदी अरब में बंद किया अपना दूतावास

तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी

इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग मिडिल ईस्ट में और खतरनाक होती जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के बाद खौफ और बढ़ गया है जिसमे उन्होंने कहा है कि ईरान पर अभी सबसे बड़ा हमला बाकी हैं। इस बीच पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास ने सुरक्षा कारणों से सभी वीजा अपॉइंटमेंट रद्द कर दिए हैं। पाकिस्तान में मौजूद अमेरिकी एंबेसी ने कहा यह फैसला इस्लामाबाद के साथ-साथ लाहौर और कराची के दफ्तरों पर भी लागू होगा। फिलहाल यह आदेश 6 मार्च तक लागू रहेगा।

रविवार को कराची में अमेरिकी कॉन्सुलेट के बाहर प्रदर्शन हुआ था। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों की फायरिंग में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई थी। ट्रम्प ने कहा है कि ईरान पर अभी सबसे बड़ा हमला बाकी हैं। बता दें कि अब तक इस जंग में ईरान में 750 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 800 से ज्यादा घायल हुए हैं। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते को बंद करने की घोषणा की है। इसने कहा है कि इस रास्ते से गुजरने वाले किसी भी जहाज को आग लगा दी जाएगी। ओमान और ईरान के बीच से गुजरने वाले इस जलडमरूमध्य से होकर दुनिया की तेल खपत का पांचवां हिस्सा गुजरता है। इसके बंद होने से तेल की वैश्विक कीमतों पर असर पड़ सकता है। IRGC के कमांडर के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल इब्राहिम जबारी ने कहा, तेल की कीमत 81 डॉलर तक पहुंच गई है और दुनिया इसके कम से कम 200 डॉलर तक पहुंचने का इंतजार कर रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर नेवी और आर्मी में हमारे हीरो इस जलडमरूमध्य से गुजरने की इच्छा रखने वाले किसी भी जहाज को आग लगा देंगे।



### दुबई से आई एयर इंडिया की स्पेशल फ्लाइट

आज भी दिल्ली एयरपोर्ट पर 80 इंटरनेशनल फ्लाइट कैंसिल हैं। इसी बीच सोमवार देर रात दुबई से एयर इंडिया की स्पेशल फ्लाइट वहां फंसे यात्रियों को लेकर दिल्ली लैंड हुई। दुबई में फंसी भारतीय शटलर पीवी सिंधु भी लौटी हैं। इसके अलावा यूएई से 4 फ्लाइट दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु पहुंचीं। अबू धाबी में फंसे भारतीयों ने देश लौटकर राहत की सांस ली। एक यात्री ने बताया अबू धाबी में हमारे होटल के पास ही धमाके हुए। इंडिगो सऊदी अरब के जेद्दा से हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद के लिए 10 स्पेशल फ्लाइट उड़ाएगी। वहीं, एयर इंडिया एक्सप्रेस मस्कट के लिए उड़ान शुरू कर रही है। इस बीच, अबू धाबी की एतिहाद, दुबई की एमीरात और फ्लाईदुबई ने चुनिंदा उड़ानें शुरू की हैं। अबू धाबी एयरपोर्ट से एतिहाद की 15 उड़ानें इस्लामाबाद, पेरिस, एम्सटर्डम, मुंबई, काहिरा, लंदन के लिए रवाना हुई।

### सऊदी में अमेरिकी दूतावास पर अटैक

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक सऊदी अरब के रियाद में अमेरिकी दूतावास पर हमला हुआ है। वहाँ धमाके की आवाज सुनी गई और धुआं उठता देखा गया। एक सऊदी अधिकारी ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने अपनी एयर डिफेंस क्षमता इजरायल की सुरक्षा के लिए मोड़ दी और खाड़ी देशों को ईरानी हमलों के सामने खुला छोड़ दिया। संघर्ष में पहली बार अमेरिकी सैनिकों की बड़ी मौत की पुष्टि हुई है। कुवैत के शुआइबा पोर्ट पर एक अस्थायी ऑपरेशन सेंटर पर ईरानी हमले में छह अमेरिकी सैनिक मारे गए। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि हमले के दौरान एक प्रोजेक्टाइल एयर डिफेंस को चकमा देकर अंदर पहुंच गया।

### बहरीन में अमेरिकी बेस पर हमला

ईरानी सेना ने बहरीन में अमेरिका के शेख इसा इलाके में अमेरिकी एयर बेस पर बड़ा हमला किया है। इसमें 20 ड्रोन और 3 मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। उसने दावा किया कि इस हमले में अमेरिका के मुख्य कमांड और मुख्यालय की इमारत को निशाना बनाया गया है। एक फ्यूल टैंकर में आग लग गई। बहरीन की ओर से इसको लेकर कोई बयान नहीं आया है। वहीं बहरीन की सड़कों पर भारी बवाल चल रहा है। शिया समर्थक जमकर हिंसा कर रहे हैं।

### ट्रम्प बोले - हथियारों की कमी नहीं

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान युद्ध को हमेशा के लिए लड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास हथियारों की असीमित सप्लाई है। उन्होंने यह भी कहा कि जो बाइडन ने यूक्रेन को बहुत अच्छे हथियार फ्री में दे दिए, वहीं उसे फिर से खरीदने का प्रयास नहीं किया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सेना के पास हथियारों का पूरा स्टॉक है और हम जीत के लिए तैयार हैं।

### अमेरिका में समर्थन घट रहा

रॉयटर्स और इप्सोस के सर्वे के अनुसार, सिर्फ चार में से एक अमेरिकी ही ईरान पर हमले का समर्थन कर रहा है। लगातार बढ़ती अमेरिकी सैनिकों की मौत से घरेलू समर्थन और घट सकता है। खुद ट्रंप ने भी चेतावनी दी है कि आगे और नुकसान हो सकता है। अमेरिका के कई शहरों में सोमवार को हजारों लोगों ने ईरान पर अमेरिका-इजरायल सैन्य कार्रवाई के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। बोस्टन, न्यूयॉर्क, शिकागो, पोर्टलैंड और मैडिसन समेत कई शहरों में लोग सड़कों पर उतरे और 'हैंड्स ऑफ ईरान' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने इन युद्धों को खतरनाक और गलत बताया।

### कश्मीर में प्रदर्शन

जम्मू-कश्मीर में सोमवार को लगातार दूसरे दिन ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर विरोध प्रदर्शन हुए। श्रीनगर के बेमिना इलाके में सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस भी छोड़ी। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। शोपियां, बारामूला, बांदीपोरा में लोगों ने बाजार बंद रखा।

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा

## डबल डेकर बस और ईको वैन की टक्कर, 6 की मौत

हाथरस. एजेंसी

सादाबाद कोतवाली अंतर्गत गांव गढ़ी हरिया के निकट यमुना एक्सप्रेसवे पर तड़के करीब 4 बजे एक निजी डबल डेकर बस ने एक इको कार में पीछे से टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में इको में सवार 13 लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिनमें से मौके पर छह लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए। मृतकों के शव को जिला



अस्पताल ले जाया गया है। जबकि घायलों को उपचार के लिए खंदौली थाना क्षेत्र के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक एक निजी डबल डेकर बस दिल्ली से गोरखपुर की तरफ जा रही थी तो इसी दौरान सादाबाद क्षेत्र के गांव गढ़ी हरिया के निकट यमुना एक्सप्रेसवे पर बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही इको में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। मौके पर कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित हो गया। इको में सवार सभी लोग दिल्ली से राजाखेड़ा राजस्थान की तरफ जा रहे थे।

## मिडिल ईस्ट के देशों में सीबीएसई की 10वीं-12वीं की परीक्षा स्थगित

नईदिल्ली. एजेंसी

जंग की वजह से सीबीएसई ने मिडिल ईस्ट के देशों में 5 और 6 मार्च को होने वाली होने वाली 10वीं और 12वीं क्लास की बोर्ड परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। एक सर्कुलर जारी किया गया है, जिसमें खाड़ी के उन सभी देशों के स्कूलों को संबोधित किया है, जो बोर्ड की तरफ से मान्यता प्राप्त हैं। इसमें कहा गया है कि बोर्ड एग्जाम पोस्टपोन किए जा रहे हैं और नई तारीखों का जल्द ही ऐलान किया जाएगा। बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात वो 7 देश हैं, जहां बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूल ऑपरेट कर रहे हैं। इनमें ज्यादातर खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीयों के बच्चे पढ़ाई करते हैं। सर्कुलर में आगे कहा गया, बोर्ड की तरफ से 5 मार्च को एक बार फिर से मौजूदा हालात की समीक्षा की जाएगी और फिर उसके हिसाब से 7 मार्च से होने वाली परीक्षाओं के संबंध में फैसला लिया जाएगा।

## टेक्सास में भारतीय मूल की छात्रा की गोलीबारी में मौत

वाशिंगटन. एजेंसी

अमेरिका के टेक्सास राज्य की राजधानी ऑस्टिन में तड़के हुई गोलीबारी में भारतीय मूल की 21 वर्षीय छात्रा सविता शान समेत चार लोगों की मौत हो गई। वहीं 14 अन्य घायल हो गए। हमलावर नडियागा डियाग्ने, जो सेनेगल मूल का अप्रवासी था, ने शहर के एक बीयर गार्डन के बाहर अपनी कार खड़ी की और आंगन में बैठे लोगों पर पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद वह कार से बाहर निकला और राहगीरों पर राइफल से गोलियां चलाईं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे मौके पर ही मार गिराया।

### सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

## कर्मचारी को दुर्घटना मुआवजा देने में देरी, नियोक्ता भरेंगे जुर्माना

नईदिल्ली. एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा है कि कर्मचारी मुआवजा अधिनियम के तहत दुर्घटना मुआवजा देने में देरी होने पर लगाया गया जुर्माना नियोक्ता को अपनी जेब से ही भरना होगा, भले ही मुआवजा राशि बीमा के तहत कवर क्यों न हो।

अदालत ने स्पष्ट किया कि यह कानून एक सामाजिक कल्याण कानून है, इसलिए इसकी व्याख्या कर्मचारियों के हित में उदार और उद्देश्यपूर्ण तरीके से की जानी चाहिए। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस अरविंद कुमार और पीबी वराले की पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले भी कई फैसलों में कर्मचारियों के पक्ष में इस कानून की उदार व्याख्या पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, मुआवजे से संबंधित धारा 4 ए (3)(बी) के तहत जुर्माने के भुगतान का दायित्व नियोक्ता पर निर्धारित किया है। यह फैसला न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी की उस याचिका पर आया है, जिसमें दिल्ली हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें कहा गया था कि मुआवजे के भुगतान में देरी होने पर जुर्माना कंपनी को देना होगा, न कि नियोक्ता को। सर्वोच्च अदालत ने हाई कोर्ट के इस आदेश को रद्द कर दिया है।

**ड्यूटी पर हो गई थी मौत :** साल 2017 में नियोक्ता की गाड़ी चलाते समय एक कर्मचारी की मौत हो गई थी। श्रम आयुक्त ने 7.36 लाख रुपये मुआवजा, 12 फीसदी ब्याज और देरी के लिए 35 फीसदी यानी 2.57 लाख रुपये जुर्माना नियोक्ता पर लगाया। वाहन का वैध बीमा होने के कारण, जुर्माने को छोड़कर मुआवजे की राशि बीमा कंपनी द्वारा भुगतान की जानी थी। श्रम आयुक्त के फैसले को पलटते हुए दिल्ली कोर्ट ने कहा कि जुर्माने की राशि भी बीमा कंपनी द्वारा ही अदा की जानी थी, न कि नियोक्ता द्वारा।

### अखिलेश-केशव आमने-सामने, डिप्टी सीएम बोले-

# शंकराचार्य भगवान, सपा प्रमुख ढोंगी

**लखनऊ, एजेंसी**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जगदुरू शंकराचार्य भगवान हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ढोंगी हैं। शंकराचार्य जहां भी जाएंगे हम रामभक्त होने के नाते उनका स्वागत करेंगे। हिंदू धर्म में शंकराचार्य का स्थान सर्वोच्च है। डिप्टी सीएम सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात कर रहे थे।उन्होंने कहा कि यूपी में कानून का राज है। किसी अपराधी या गो तस्कर की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह गोमाता की हत्या करे। गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। वह समस्त सृष्टि का पालन करती है इसलिए उन्हें किसी सरकारी दर्जे की आवश्यकता नहीं है, वे स्वतः पूज्यनीय हैं। कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास और सुशासन की जो लहर चल रही है उसके दम पर 2047 तक भाजपा सरकार बनी रहेगी। विपक्ष के गठबंधनों ताश के पत्तों की तरह बिखर जाएंगे।

**शंकराचार्य को समर्थन देना अखिलेश का राजनीतिक पैंतराः** उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा, सपा के शासनकाल में रामभक्तों और शिवभक्तों का दमन किया गया। गो तस्करों को संरक्षण मिला। अखिलेश का शंकराचार्य को समर्थन देना केवल



राजनीतिक पैंतरा है ताकि वे हिंदू मतदाताओं को भ्रमित कर सकें। जब भी सपा या कांग्रेस हिंदुत्व की बात करते हैं तो वह केवल वोट बैंक की खातिर किया गया एक राजनीतिक ढोंग होता है। सपा-कांग्रेस के नेताओं पर हिंदू विश्वास नहीं करते हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एसआईआर पर कहा है कि दिन-रात चौबीसो घंटे के दबाव के अलावा प्रदेश में बीएलओ पर गलत काम करने का दबाव भी है। पहले जो दबाव फार्म 7 से सही लोगों के नाम कटवाने का था, वैसा ही दबाव अब फार्म 6 के माध्यम से नये फर्जी नाम जोड़ने का है। ऐसा गलत काम करने के लिए अधिकतर बीएलओ का मन गवाही नहीं देता है, इसीलिए वो हताश होकर आत्महत्या जैसे प्राणघातक फैसले तक कर रहे हैं।

## मानवता तार-तारः नाले में पड़ा नवजात का शव, कुत्तों ने नोचकर खाया

**दरभंगा।** दरभंगा स्थित DMCH परिसर में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। बीती रात अस्पताल के न्यू सर्जिकल भवन के सामने स्थित नाले में एक नवजात का शव पड़ा मिला, जिसे आवारा कुत्ते नोच रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात नाले के पास कुत्तों का झुंड मंडराता दिखा। लोगों ने पास जाकर देखा तो नवजात का शव खुले में पड़ा था और कुत्ते उसे नुकसान पहुंचा रहे थे। सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन और बेंता थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम व अन्य कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।


स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल परिसर में बायोमेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण नहीं होता। आशंका जताई जा रही है कि मृत नवजात को बायोवेस्ट के साथ फेंका गया होगा, जहां से कुत्ते उसे खींचकर नाले तक ले आए।

### पोस्ट-बजट वेबिनार में बोले पीएम मोदी

# वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच दुनिया को भारत से उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने 'आर्थिक विकास को सतत बनाए रखना और उसे मजबूत करना' विषय पर आयोजित पोस्ट-बजट वेबिनार को आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बनी हुई है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं पुनर्गठित हो रही हैं, ऐसे समय में भारत की तेज आर्थिक प्रगति विकसित भारत के लक्ष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की दिशा और संकल्प दोनों स्पष्ट हैं। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने 'अधिक निर्माण करें, अधिक उत्पादन करें, अधिक कनेक्ट करें' पर जोर देकर कहा गया कि अब समय 'अधिक निर्यात' का है।

### उत्पादों की गुणवत्ता से समझौता न किया जाए

मोदी ने कहा कि अब समय है कि भारत अनुसंधान में बड़े पैमाने पर निवेश करे और वैश्विक मानकों के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिससे अवसरों के नए द्वार खुले हैं। ऐसे में यह देश की जिम्मेदारी है कि उत्पादों की गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता न किया जाए।

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि अगर किसी एक क्षेत्र पर अधिकतम ऊर्जा, बुद्धिमत्ता और संसाधन केंद्रित करने हैं, तो वह गुणवत्ता होनी चाहिए। भारतीय उत्पाद न केवल अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरे उतरें, बल्कि उन्हें पीछे भी छोड़ें।

### पीएम ने उद्योग जगत से क्या कहा?

उन्होंने उद्योग जगत से अपील की कि वे अन्य देशों की जरूरतों और वहां के उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं का गहन अध्ययन करें। उन आवश्यकताओं को समझकर उपयोगकर्ता-अनुकूल उत्पाद विकसित किए जाएं, तभी मुक्त व्यापार समझौतों से मिलने वाले अवसरों का पूरा लाभ उठाया जा सकेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौतों के साथ विकास का राजमार्ग तैयार है और अब भारतीय उद्योग को इस पर तेज गति से आगे बढ़ना है।

### सिंधु जल संधि पर रोक पर बौखलाया पाकिस्तान, राष्ट्रपति जरदारी खौफ में, कहा-

# पाक से एक और युद्ध की तैयारी कर रहा भारत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भारत पर एक और लड़ाई की तैयारी करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही भारत की सिंधु जल संधि पर रोक को हाइड्रो-टेररिज्म बताया। जरदारी ने कहा, 'भारतीय नेता कहते हैं कि वे एक और जंग की तैयारी कर रहे हैं। इलाके में शांति के हमेशा से सपोर्टर रहे होने के नाते मैं इसकी सलाह नहीं दूंगा।' पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी ने आगे कहा, 'इस्लामाबाद बातचीत के लिए तैयार है। मेरा भारत के लिए मैसेज है कि वे जंग के मैदान से हटकर मतलब वाली बातचीत की टेबल पर आएं, क्योंकि इलाके की सिक्योरिटी के लिए यही एकमात्र रास्ता है।'



जरदारी ने आगे कहा, पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के लोगों को डिप्लोमैटिक और मोरल सपोर्ट देना जारी रखेगा। पाक राष्ट्रपति ने कहा, 'जब तक कश्मीर का मुद्दा हल नहीं हो जाता, साउथ एशिया में शांति बने रहना मुश्किल है।'

जरदारी ने सिंधु जल संधि पर भारत के रोक के फैसले की आलोचना की। पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने इसे हाइड्रो-टेररिज्म बताया। जरदारी ने भारत के इस फैसले को पॉलिटिकल फायदे के लिए पानी के बहाव को हथियार बनाने का आरोप लगाया।

### डिप्लोमैटिक तरीकों का इस्तेमाल किया

जरदारी ने यूनाइटेड नेशंस की एक रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें अफगानिस्तान में आतंकी समुदायों की मौजूदगी के बारे में चेतावनी दी गई थी। पाक राष्ट्रपति ने कहा, 'यह रिपोर्ट चेतावनी देती है कि अगर इस मुद्दे को नजरअंदाज किया गया तो कोई भी दूसरा देश एक और खतरनाक हमले का शिकार हो सकता है।' जरदारी ने बताया, पाकिस्तान ने बॉर्डर पार से आतंकी गतिविधियों पर मिलिट्री तनाव को रोकने के लिए डिप्लोमैटिक तरीकों का इस्तेमाल किया है।


## जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा ! अपने जज्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज"

रणजीत टाइम्स


### टीम के खराब प्रदर्शन से पीसीबी नाराज, बोला- हारने की सजा मिलनी चाहिए

# वर्ल्डकप टीम के प्लेयर्स पर ठोका 50-50 लाख जुर्माना

**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, यह फैसला भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज हार और सुपर-8 में इंग्लैंड से मिली शिकस्त के बाद लिया गया। हालांकि, टीम ने श्रीलंका के खिलाफ करीबी जीत दर्ज की, लेकिन वह सेमीफाइनल की राह नहीं खोल सकी। बताया जा रहा है कि बोर्ड के अधिकारी टीम के प्रदर्शन से बेहद नाराज थे और लगातार आईसीसी टूर्नामेंट्स में असफलता को देखते हुए यह सख्त कदम उठाया गया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, %आपको दो साल में एक मौका मिलता है कि अपने देश के क्रिकेट की छाप





छोड़ सकें और आप फिर असफल हो जाते हैं। यह देखना बेहद निराशाजनक है।% उन्होंने आगे कहा कि टी20 अब बेहद योजनाबद्ध प्रारूप बन चुका है और पाकिस्तान के खिलाड़ी बाकी टीमों के स्तर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने भी चयन नीति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, कुछ खिलाड़ियों को खुद को साबित करने के लिए बहुत ज्यादा मौके दिए गए, लेकिन वे बड़े टूर्नामेंट में प्रदर्शन नहीं कर पाए। अब आगे बढ़ने और गलतियों से सीखने का समय है। वहीं मोईन खान ने स्पष्ट शब्दों में कहा, जब तक आप ऊंची रैंकिंग वाली टीमों को हराने की क्षमता नहीं रखते, तब तक आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत सकते। चयन और मैदान दोनों जगह हमने बहुत गलतियां कीं।%

### कप्तानी और सीनियर खिलाड़ियों पर सवाल

पूर्व कप्तान बाबर आजम, मौजूदा कप्तान सलमान अली आगा, और सीनियर खिलाड़ी जैसे शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद नवाज कड़ी आलोचना झेल रहे हैं। खबर है कि अगा कप्तानी छोड़ सकते हैं। पूर्व कोच सकलैन मुश्ताक भी विवादों में हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने दामाद शादाब खान के प्रदर्शन का बचाव करते हुए मुख्य कोच माइक हेसन पर ठीकरा फोड़ा। पाकिस्तान ने टूर्नामेंट का अंत जीत के साथ किया, लेकिन पूरे अभियान ने देश के क्रिकेट प्रेमियों को मायूस कर दिया। सवाल उठ रहा है कि क्या सिर्फ जुर्माना लगाने से टीम की समस्याएं हल होंगी, या अब चयन, रणनीति और नेतृत्व में बड़े बदलाव की जरूरत है?


Holi Hai
रणजीत टाइम्स की ओर से
समस्त देशवासियों को
होली पर्व
की ढेरों शुभकामनाएँ !
जीवन हरपल
उत्साह, उमंग, प्यार
एवं खुशियों के
रंगों से सराबोर रहे!
गोपाल गावंडे
मुख्य संपादक
रणजीत टाइम्स दैनिक अखबार